**दिनांक–07.04.2026 को प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार, पटना की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना के सभाकक्ष में भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं की राज्यस्तरीय बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– यथा पंजी में संधारित।

प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–07.04.2026 को राज्यस्तरीय भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के अपर सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम प्रधान सचिव द्वारा बैठक में आये सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं का स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। राज्यस्तरीय बैठक में राज्य के 101 भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं में से 91 पदाधिकारी उपस्थित हुए। लखीसराय, रजौली, फारबिसगंज, छपरा, मढ़ौरा, सोनपुर, बेनीपुर, शिवहर, हाजीपुर एवं जयनगर के भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। प्रधान सचिव द्वारा अनुपस्थित पदाधिकारियों से कारणपृच्छा (Show Cause) करने का निदेश दिया गया। साथ ही बैठक में लैपटॉप न लाने वाले पदाधिकारियों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही मानते हुए भविष्य में सर्तक रहने का निदेश दिया गया।

2. **<u>AI तकनीकी का उपयोग एवं कार्य निष्पादन :–</u>**

प्रधान सचिव द्वारा सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं को AI तकनीक सही ढंग से सीखने, समझने एवं इस्तेमाल करने के संबंध में निदेश दिया गया, ताकि लंबित वादों का त्वरित गति से निष्पादन कर उन्हें शून्य किया जा सकें।

उपस्थित सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं को प्रत्येक माह के 15 तारीख और 30 तारीख को उनके स्तर से कितने आदेश पारित किये गये, इसकी जानकारी संबंधित जिलें के समाहर्त्ता और संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त को देने का निदेश दिया गया।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को AI का उपयोग कर दाखिल–खारिज और BLDRA केस से संबंधित कोर्ट केस ऑडर लिखने एवं आदेश पारित करने के संबंध में एक प्रायोगिक परीक्षा (TEST) भी आयोजित की गई।

3. **<u>प्राथमिकता वाले कार्य एवं अभियान :–</u>**

(क) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों से संबंधित कार्य जैसे – ऑपरेशन दखल–देहानी, पर्चा, सिलिंग, अभियान बसेरा इत्यादि से संबंधित लंबित मामलों को विशेष प्राथमिकता पर निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

(ख) **<u>सरकारी भूमि का संरक्षण</u>** – खतियान में दर्ज सरकारी भूमि को हर–हाल में सुरक्षित रखने और भू–माफियाओं के अवैध कब्जे से सरकारी भूमि को मुक्त कराने, सरकारी जमीन से छेड़छाड़ नहीं होने देने एवं भू–माफियाओं पर रोक लगाने हेतु निदेशित किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा एवं माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा आयोजित राज्य के विभिन्न जिलों में भूमि सुधार जन कल्याण संवाद कार्यक्रम का राज्य के जनता पर अच्छा असर पड़ा है।

4. <u>कार्यो की समीक्षा एवं प्रगति :-</u>

(क) दाखिल–खारिज (Mutation)– मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, पूर्णिया, फारबिसगंज और सीतामढ़ी के भूमि सुधार उप समाहर्त्ता के न्यायालयों में लंबित वादों की संख्या काफी अधिक पाई गई उन्हें त्वरित गति से निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

(ख) **BLDRA Case**- जयनगर, नौगछिया, फारबिसगंज, आरा, दलसिंहसराय, मंझौल, मधेपुरा, समस्तीपुर के भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालयों में BLDRA Cases से संबंधित वाद ज्यादा मात्रा में लंबित पाये गये, जिन्हें AI तकनीक की मदद से विधिवत यथाशीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

(ग) **प्रशंसनीय कार्य** – भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, जगदीशपुर द्वारा 16 दिन में 100 BLDRA Cases, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बांका द्वारा 59 दिन में 253 BLDRA Cases, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, किशनगंज द्वारा 59 दिन में 225 BLDRA Cases एवं भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, नीमचक बथानी द्वारा 19 दिन में 95 BLDRA Cases के मामलों का निष्पादन किया गया, उक्त कार्य हेतु सराहना की गई।

अंत में माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–विभागीय मंत्री द्वारा सभी पदाधिकारियों को कार्य में पारदर्शिता और तीव्रता लाने का निदेश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर कार्य पूर्ण करने से अधिकारियों का मान–सम्मान बढ़ेगा और जनता को राहत मिलेगी।

**अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

ह0/–
(आजीव वत्सराज)
अपर सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

## बिहार सरकार
<u>राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग</u>

ज्ञापांक–10/सम0 (भूमि सुधार उप समाहर्त्ता)–9/2026— 428 (10)/रा0, पटना–15, दिनांक –15·4·26

E-mail

**प्रतिलिपि**–सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15·4·26
(देवेश कुमार)
उप सचिव।

ज्ञापांक–10/सम0 (भूमि सुधार उप समाहर्त्ता)–9/2026— 428 (10)/रा0, पटना–15, दिनांक –15·4·26

प्रतिलिपि–निदेशक, तीनों निदेशालय/सभी अपर सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15·4·26
(देवेश कुमार)
उप सचिव।

ज्ञापांक–10/सम0 (भूमि सुधार उप समाहर्त्ता)–9/2026— 428(10)/रा0, पटना–15, दिनांक –15·4·26

प्रतिलिपि–माननीय विभागीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सभी सचिव के प्रधान आप्त सचिव/कोषांग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15·4·26

(देवेश कुमार)

उप सचिव।